## राजस्थान सरकार
## श्रम विभाग

क्रमांकः एफ.8(5)(6)न्यू.म.अभि. / श्रम / आई.आर. / 2000 / पार्ट / 2984 जयपुर, दिनांक : 2/2/2022

# अधिसूचना

चूंकि राज्य सरकार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11 वर्ष 1948) की धारा 3 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) तथा (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में "ग्रामीण विकास विभाग द्वारा की जा रही विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य प्रवर्तित श्रम-रोजगार सृजन करने वाली योजनाओं" (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना को छोडकर) के नियोजन में नियोजित श्रमिकों / कामगारो के संबंध में राजस्थान राज्य के लिए न्यूनतम मजदूरी की दरों में संशोधन / पुनरीक्षित करने के लिए इच्छुक है, जिनके प्रस्ताव नीचे दिये जाते है और उक्त अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अनुसरण में उन व्यक्तियों के सूचनार्थ, जिनके इन प्रस्तावों द्वारा प्रभावित होने की सम्भावना है, एतद्द्वारा प्रकाशित किये जाते है।

तथा राज्य सरकार एतद्द्वारा अधिसूचना के राजस्थान राजपत्र में प्रकाशित होने से दो माह की अवधि विनिर्दिष्ट करती है, जिसके बाद इन प्रस्तावों पर पूर्वोक्त दिनांक से पूर्व उनके सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति से प्राप्त किन्हीं भी सुझावों एवं आपत्तियों पर विचार किया जावेगा।

इस प्रकार के सुझाव एवं आपत्तियां अतिरिक्त श्रम आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव श्रम, राजस्थान, जयपुर को भेजी जानी चाहिये।

**पुनरीक्षित न्यूनतम मजदूरी की दरें**

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | कार्य मात्रा | अकुशल श्रमिक हेतु न्यूनतम मजदूरी की दर (रूपए) |
|---|---|---|---|
| 1.00 | **भवन निर्माण** | | |
| 1.01 | **नीव में मिट्टी खुदाई 1.5 मीटर उठान तथा 50 मीटर तक फैंकना** | | |
| | **(अ) साधारण मिट्टी** | 2.00 घ.मी . | 259.00 |
| | **(ब) कठोर/चिकनी मिट्टी में** | 1.61 घ.मी . | 259.00 |
| | **(स) गोला पत्थर के साथ मिली हुई 10:90** | 1.07 घ.मी . | 259.00 |
| 1.02 | **अतिरिक्त 1.5 मी. उठाने के लिए** | 12.50 घ.मी . | 259.00 |
| 1.03 | **अतिरिक्त 50 मी. दूरी तक मिट्टी ले जाने के लिए** | 4.00 घ.मी . | 259.00 |
| 1.04 | **नींव में धाडला, कंकर या झाझारा डालना तथा कुटाई करना** | 4.00 घ.मी . | 259.00 |
| 1.05 | **नींव में खड़ी ईंटें डाईगोनल हैरिंग बोन्ड पैटर्न में गारा मिट्टी में लगाना** | 5.00 घ.मी . | 259.00 |

## राजस्थान सरकार
## श्रम विभाग

क्रमांकः एफ.8(5)(6)न्यू.म.अभि. / श्रम / आई.आर. / 2000 / पार्ट / 2892 जयपुर, दिनांक : 2 2/2022

## अधिसूचना

चूंकि राज्य सरकार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11 वर्ष 1948) की धारा 3 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) तथा (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ''ईट भट्टों के उधोग में नियोजन'' के नियोजन में नियोजित श्रमिकों / कामगारो के संबंध में राजस्थान राज्य के लिए न्यूनतम मजदूरी की दरों में संशोधन / पुनरीक्षित करने के लिए इच्छुक है, जिनके प्रस्ताव नीचे दिये जाते है और उक्त अधिनियम की धारा–5 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अनुसरण में उन व्यक्तियों के सूचनार्थ, जिनके इन प्रस्तावों द्वारा प्रभावित होने की सम्भावना है, एतदद्वारा प्रकाशित किये जाते है।

तथा राज्य सरकार एतदद्वारा अधिसूचना के राजस्थान राजपत्र में प्रकाशित होने से दो माह की अवधि विनिर्दिष्ट करती है, जिसके बाद इन प्रस्तावों पर पूर्वोक्त दिनांक से पूर्व उनके सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति से प्राप्त किन्हीं भी सुझावों एवं आपत्तियों पर विचार किया जावेगा।

इस प्रकार के सुझाव एवं आपत्तियां अतिरिक्त श्रम आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव श्रम, राजस्थान, जयपुर को भेजी जानी चाहिये।

### ईट भट्टों के उद्योग में पीस रेट न्यूनतम मजदूरी की दरें

| क्र.सं. | श्रमिकों / कर्मचारियों के वर्ग | कार्य की मात्रा | पीस रेट न्यूनतम मजदूरी (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | पथेर (कच्ची ईट की थपाई) | 1000 ईट प्रति व्यक्ति | 283 / – |
| 2 | भराई वाला | 1000 ईट प्रति व्यक्ति | 155 / – |
| 3 | निकासी वाला | 1000 ईट प्रति व्यक्ति | 173 / – |
| 4 | पक्की ईट की लोडिंग | 1000 ईट प्रति व्यक्ति | 116 / – |
| 5 | गठ्ठी बंद कराई | प्रति गठ्ठी प्रति व्यक्ति | 127 / – |
| 6 | जलाई वाला | – | 283 / – प्रति दिन |
| 7 | जलाई मिस्त्री | – | 8658 / –प्रति माह |
| 8 | सफाई प्रति गेड | – | 259 / – प्रति दिन |
| 9 | बैलदार / रापस्या | – | 259 / – प्रति दिन |
| 10 | पाणतिया | – | 271 / – प्रति दिन |
| 11 | जमादार | – | 283 / – प्रति दिन |

राजस्थान सरकार
श्रम विभाग

क्रमांकः एफ.8(5)(6)न्यू.म.अभि./श्रम /आई.आर./2000/पार्ट/3030 जयपुर, दिनांक :2 2/2022

## <u>अधिसूचना</u>

चूंकि राज्य सरकार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11 वर्ष 1948) की धारा 3 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) तथा (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ''घरों में नियोजित श्रमिक (Domestic worker)''के नियोजन में नियोजित श्रमिकों/कामगारो के संबंध में राजस्थान राज्य के लिए न्यूनतम मजदूरी की दरों में संशोधन/पुनरीक्षित करने के लिए इच्छुक है, जिनके प्रस्ताव नीचे दिये जाते है और उक्त अधिनियम की धारा–5 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अनुसरण में उन व्यक्तियों के सूचनार्थ, जिनके इन प्रस्तावों द्वारा प्रभावित होने की सम्भावना है, एतद्द्वारा प्रकाशित किये जाते है।

तथा राज्य सरकार एतद्द्वारा अधिसूचना के राजस्थान राजपत्र में प्रकाशित होने से दो माह की अवधि विनिर्दिष्ट करती है, जिसके बाद इन प्रस्तावों पर पूर्वोक्त दिनांक से पूर्व उनके सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति से प्राप्त किन्हीं भी सुझावों एवं आपत्तियों पर विचार किया जावेगा।

इस प्रकार के सुझाव एवं आपत्तियां अतिरिक्त श्रम आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव श्रम, राजस्थान, जयपुर को भेजी जानी चाहिये।

**पुनरीक्षित न्यूनतम मजदूरी की दरें**

| क्र. सं. | नियोजन की प्रकृति | श्रमिकों के कार्य के घण्टे/अवधि (जिस घर में अधिकतम 4 सदस्य रह रहे हो) | प्रतिमाह देय न्यूनतम मजदूरी की दर (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बर्तन धोने का कार्य | 60 मिनिट (अधिकतम प्रतिदिन) | 920.00 |
| 2 | कपडे धाने का कार्य | 60 मिनिट (अधिकतम प्रतिदिन) | 920.00 |
| 3 | कपडे धोना–बर्तन धोना | 60 मिनिट (अधिकतम प्रतिदिन) | 920.00 |
| 4 | कपडे धोना, बर्तन धोना, घर की साफ सफाई | 60 मिनिट (अधिकतम प्रतिदिन) | 920.00 |
| 5 | अन्य घरेलू कार्य | 60 मिनिट (अधिकतम प्रतिदिन) | 920.00 |
| 6 | कपडे धोना, बर्तन धोना, घर की साफ–सफाई, बच्चों की देखभाल, बच्चों को स्कूल छोडना व लेकर आना इत्यादि घरेलू कार्य | एक दिन का कार्य | 7358.00 |

